नव भारत टाईम्स (Nav Bharat Times)

| दिनाँक (Dated): 10/03/2025 | पृष्ठ सं० (Page No). 05 | क्रम सं०(Serial No.) 18 |
|---|---|---|

50 से अधिक महिला बाइकर्स ने हिस्सा लिया

# जोश में दिखीं CISF की महिला बाइकर्स

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

एनबीटी ऑल वुमन बाइक रैली में हर बार की तरह इस बार भी CISF की 50 से अधिक महिला बाइकर्स ने हिस्सा लिया। इनका जोश देखते ही बन रहा था। CISF की मेट्रो से लेकर हर यूनिट की महिलाकर्मी इस बाइक रैली का हिस्सा बनीं। इंस्पेक्टर से लेकर सिपाही भी इन महिला बाइकर्स में शामिल थीं जो पहले भी इसका हिस्सा बन चुकी थीं।

इस दौरान वुमन बाइकर्स ने का कि हमें एनबीटी की इस बाइक रैली का हर साल बेसब्री से इंतजार रहता है। महिला बाइकर्स में महाराष्ट्र की इंस्पेक्टर मृणाल अहिरकर, मीना कसवा और बबीता के अलावा SI राजेंद्र कौर, हवलदार सुनीता कुमारी, सिपाही तृष्णा देवी, प्रीति बोरकर, एस प्रिया, राजेंद्र कौर, सुनीता, रानी, पूजा झा, राजरानी, सीमा, रामप्यारी और पूनम ने बताया कि ड्यूटी पर तो वह बाइक का इस्तेमाल करती ही हैं, लेकिन यहां इतनी बड़ी संख्या में आई महिलाओं के साथ एनबीटी वुमन बाइक रैली का हिस्सा बनकर बहुत अच्छा लगा। यह अपनी तरह का एक अलग ही और बेहतरीन एक्सपीरियंस रहा।

